डेंगू, मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु अभियान जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बारिश के मौसम के साथ गर्मी और उमस के बीच में जलजनित बिमारियां फैलती है। उन्हे रोकने के लिए आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा स्वास्थ्य विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित किए है। इसी तारतम्य में जोन क्रं. 02 वैशाली नगर के वार्ड क्रं. 22 कुरूद बस्ती में अभियान चलाया गया। जिसमें डेंगू मेलेरिया, मच्छर उन्मूलन हेतु मैलाथियान, टेमिफास, जला आयल का छिड़काव किया गया। विशेष रूप से कुलरो, गमलो, जल जमाव वाले क्षेत्रों जहां भी पानी रूकने की संभावना है उन जगहो पर दवा छिड़काव किया जा रहा है। घर—घर जाकर क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। सभी लोगो को समझाइस दी जा रही है कि कहीं पर भी पानी जमा नही होने देवे। निगम की टीम घर—घर के साथ, स्कूलो, भवनो, हास्टलो, आवासिय परिसरो आदि क्षेत्रो में जाकर गहनता के साथ छिड़काव कर रही है एवं आवश्यक जानकारी भी दे रही है। आज 245 कुलर, 80 गमले, 45 कंटेनर, 35 जानवरो के पीनी पीने की टंकी इत्यादि की सफाई करवाई गई।